पत्रांकः— 14/ए0एफ0—03/2016...

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......./......./2020

विषयः— वीरचन्द पटेल स्मारक महाविद्यालय देसरी, वैशाली को स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय में प्रतिष्ठा स्तर तथा वाणिज्य संकाय के पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2020—2023 एवं 2021—2024 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक—B/712 दिनांक 27.05.2020, तथा पत्रांक— B/1093 दिनांक—30.08.2020 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा—21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या—1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने वीरचन्द पटेल स्मारक महाविद्यालय देसरी, वैशाली को स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय में प्रतिष्ठा स्तर तक तथा वाणिज्य संकाय के पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के निम्न विषयों में सत्र 2020—2023 एवं 2021—2024 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे सहमति प्रदान की है।

क्र0 सं0	संकाय	विषय
01	कला संकायः (प्रतिष्ठा स्तर में)	प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, ऊर्दू, परसियन, संगीत, मैथिली एवं संस्कृत (कुल 06 विषयों में)
02	विज्ञान संकाय (प्रतिष्ठा स्तर में)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जन्तु विज्ञान एवं गणित, (कुल 05 विषयों में)
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर में)	एकाउन्टेन्सी, बिजनेस फाइनान्स, बिजनेस इन्वॉरमेन्ट तथा कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन (कुल 04 विषयों में)

यह आदेश विद्वान महाधिवक्ता द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। साथ ही एल0पी0ए0 संख्या—1404/2018 में विभाग द्वारा माननीय न्यायालय में दायर M.J.C के फलाफल से उक्त आदेश प्रभावित होगा।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/—

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 14/ ए0एफ0—03/2016... 971 पटना, दिनांक 18/09/2020

प्रतिलिपिः— माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा/सचिव, वीरचन्द पटेल स्मारक महाविद्यालय, देसरी, वैशाली एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/9/2020

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव